Total No. of Printed Pages—8

**X/23/Hin**

**2 0 2 3**

**HINDI**

( INDIAN LANGUAGE )

**( FOR CANDIDATES WITH INTERNAL ASSESSMENT )**

*Full Marks* : 80
*Pass Marks* : 24

**( FOR CANDIDATES WITHOUT INTERNAL ASSESSMENT )**

*Full Marks* : 100
*Pass Marks* : 30

*Time* : 3 hours

**( FOR ALL CATEGORIES OF CANDIDATES )**

*General Instructions* :

(i) The candidates are advised to attempt all questions accordingly.

(ii) Marks allocated to every question are indicated against each.

(iii) Very short answer-type questions weightage of one (1) mark each requires answer in one word, one proverb or one sentence.

(iv) Short answer-type questions weightage of two (2) marks each requires answer under *50* words.

(v) Long answer-type—1 question weightage of five (5) marks each requires answer under *100* words.

(vi) Long answer-type—2 questions weightage of seven (7) and eight (8) marks each requires answer under *150* words.

## खण्ड–क

### (गद्य–भाग)

**1.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए : 1×4=4

(क) किसकी धूर्तता से तंग आकर चरवाहे ने पहाड़ों पर बकरियाँ चराना बंद कर दिया?

*(i)* शेर

*(ii)* चीता

*(iii)* बंदर

*(iv)* भेड़िया

(ख) तिरुक्कुरल में कुरलों की कुल संख्या कितनी हैं?

*(i)* 1315

*(ii)* 1330

*(iii)* 1325

*(iv)* 1320

(ग) नीलकंठ और राधा की सबसे प्रिय ऋतु कौन-सी है?

*(i)* ग्रीष्म–ऋतु

*(ii)* शीत–ऋतु

*(iii)* वर्षा–ऋतु

*(iv)* बसंत–ऋतु

(घ) बाबा भारती के इलाके का प्रसिद्ध डाकू कौन था?

*(i)* खड्गसिंह

*(ii)* मंगलसिंह

*(iii)* जगतसिंह

*(iv)* सज्जनसिंह

(ङ) गाछ-बिरछ किसके द्वारा भोजन ग्रहण करते हैं?

*(i)* धूप

*(ii)* वायु

*(iii)* चाँदनी

*(iv)* पानी

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर (लगभग *50* शब्दों में) दीजिए : 2×3=6

(क) 'शहीद बकरी' शीर्षक पाठ का संदेश क्या है?

(ख) लेखक के अनुसार कोई राष्ट्र महान कैसे बन सकता है?

(ग) तिरुवल्लुवर अपने भोजन की थाली के पास कटोरी में जल और सूई क्यों रखवाते थे?

(घ) नीलकंठ के करुण अंत का कारण क्या था?

(ङ) लेखक ने स्पर्शमणि या पारस पत्थर किसे कहा है और क्यों?

**3.** निम्नलिखित में से किसी **एक** गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या (लगभग *100* शब्दों में) कीजिए : 5

(क) ''भोग्य सदैव से भोगने के लिए ही उत्पन्न होते रहे हैं।''

(ख) ''कोई भी राष्ट्र अपने नागरिकों के सोचने-समझने के तौर-तरीकों से महान बनता है। खासकर भारत की युवा पीढ़ी के सामने तो महान उद्देश्य होना ही चाहिए। छोटे-मोटे लक्ष्यों में अपने-आप को सीमित कर लेना गुनाह है।''

**4.** 'हार की जीत' शीर्षक कहानी का सार (लगभग *100* शब्दों में) लिखिए। 5

**अथवा**

तिरुवल्लुवर की जीवनी सहित उनकी चारित्रिक विशेषता पर (लगभग *100* शब्दों में) प्रकाश डालिए।

## खण्ड–ख

### (पद्य–भाग)

**5.** कोष्ठक में दिए गए शब्दों की मदद से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×4=4

(मनुष्य, श्रमजल, भाग्य, डरकर)

(क) प्रकृति नहीं _____ झुकती है।

(ख) कभी _____ के बल से,

(ग) सदा हारती वह _____ के,

(घ) उद्यम से, _____ से।

**6.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर (लगभग *50* शब्दों में) दीजिए : 2×3=6

(क) अपनी मातृभूमि के लिए कवि क्या कुछ करना चाहता है?

(ख) विश्व–नागरिक बनने में बाधक तत्त्व कौन–से हैं?

(ग) जीवन में यशस्वी बनने के लिए कवि ने क्या सलाह दी है?

(घ) माँ यशोदा क्या कहकर कृष्ण को आश्वस्त करती हैं?

(ङ) कवि के अनुसार भाग्य की चर्चा कैसे लोग अधिक किया करते हैं?

**7.** निम्नलिखित में से किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या (लगभग *100* शब्दों में) कीजिए : 5

(क) ''कहा करौं इहि रिस के मारे, खेलन हौ नहिं जात।
पुनि–पुनि कहत कौन है माता, को है तेरौ तात॥
गोरे नंद, जसोदा गोरी, तू कत श्याम सरीर।
चुटकी दै–दै हँसत ग्वाल सब, सिखै देत बलबीर॥''

(ख) ''विश्व–नागरिक बनें, तोड़–दें,
दीवारें बँटवारे की।
हो जाए साकार कल्पना
एक विश्व के नारे की।''

**8.** 'इस माटी को नमन करें हम' **अथवा** 'विश्व नागरिक बनें' शीर्षक कविता का सारांश सहज एवं सरल भाषा में (लगभग *100* शब्दों में) लिखिए। 5

## खण्ड–ग

### (संचयन)

**9.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर (लगभग *50* शब्दों में) लिखिए : 2×4=8

(क) कथावाचक और हरिहर काका के बीच क्या संबंध है और इसके क्या कारण हैं?

(ख) हरिहर काका को जबरन उठा ले जाने वाले कौन थे? उन्होंने उनके साथ कैसा बर्ताव किया?

(ग) स्काउट परेड करते समय लेखक अपने को महत्त्वपूर्ण 'आदमी' फौजी जवान क्यों समझने लगता था?

(घ) टोपी ने इफ़्फ़न से दादी बदलने की बात क्यों कही?

(ङ) 'अम्मी' शब्द पर टोपी के घरवालों की क्या प्रतिक्रिया हुई?

**10.** राही मासूम रज़ा जी की जीवनी एवं उनकी कृतियों के बारे में (लगभग *150* शब्दों में) लिखिए। 7

**अथवा**

'टोपी शुक्ला' कहानी का सारांश सहज एवं सरल भाषा में (लगभग *150* शब्दों में) लिखिए।

## खण्ड–घ

### (व्याकरण एवं रचना)

**11.** (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** तद्भव शब्दों के तत्सम शब्द लिखिए : 1×5=5

*(i)* चाँद

*(ii)* गाय

(iii) कान

(iv) हाथ

(v) साँप

(vi) गाँव

(vii) दूसरा

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 1×4=4

(i) आरम्भ

(ii) उदय

(iii) बाहर

(iv) सामान्य

(v) ह्रस्व

(vi) जड़

(ग) निम्नलिखित समस्त-पदों में से किन्हीं **चार** के विग्रह कीजिए : 1×4=4

(i) पीताम्बर

(ii) दशानन

(iii) सादर

(iv) आय-व्यय

(v) ऊँच-नीच

(vi) बहुमूल्य

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** लोकोक्तियों के अर्थ लिखिए : 1×4=4

(i) अंधों में काना राजा

(ii) आ बैल मुझे मार

*(iii)* खोदा पहाड़, निकली चुहिया

*(iv)* साँच को आँच नहीं

*(v)* बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद

*(vi)* दूध का दूध और पानी का पानी

**12.** निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर (लगभग *150* शब्दों में) निबंध लिखिए : 8

(क) पर्यावरण-प्रदूषण समस्या

(ख) मद्यपान द्वारा विनाश

(ग) दहेज-समस्या

(घ) दूरदर्शन का समाज पर प्रभाव

**[ FOR CANDIDATES WITHOUT INTERNAL ASSESSMENT ]**

( *Marks* : 20 )

**13.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) हरिहर काका कितने भाई थे?

(ख) हरिहर काका के कितने संतान थे?

(ग) महंत जी किस प्रकृति के आदमी थे?

(घ) हरिहर काका के परिवार के पास कुल कितने बीघे खेत थे?

(ङ) हरिहर काका के गाँव की कुल आबादी कितनी थी?

(च) 'सपनों के से दिन' शीर्षक आत्मकथा का लेखक कौन है?

(छ) हेडमास्टर शर्मा जी पाँचवीं और आठवीं कक्षा के बच्चों को कौन-सा विषय पढ़ाया करते थे?

(ज) इफ़्फ़न के मित्र का क्या नाम है?

(झ) इफ़्फ़न के दादा-परदादा क्या थे?

(ञ) इफ़्फ़न का पूरा नाम क्या था?

(ट) टोपी नवीं कक्षा में कितनी बार अनुत्तीर्ण हुआ?

(ठ) नए कलेक्टर के कितने लड़के थे?

**14.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) किसके वार से भेड़िया किंकर्तव्यविमूढ़-सा हो गया?

(ख) बाड़े का बंधन किसे पसंद नहीं आया?

(ग) भारत का 'मिसाइल-मैन' किन्हें कहा जाता है?

(घ) बहुत कम शब्दों में बड़ी बात कहने का हुनर किसे मालूम था?

(ङ) तिरुवल्लुवर की माँ का क्या नाम था?

(च) तिरुवल्लुवर के पिता किस जाति के थे?

(छ) तिरुवल्लुवर के जीवन की अनेक घटनाएँ किसके जीवन से मिलती-जुलती हैं?

(ज) तिरुवल्लुवर द्वारा रचित महान ग्रंथ का क्या नाम है?

(झ) गाछ-बिरछ की संतान किसे बताया गया है?

(ञ) वृक्ष के कौन-से दो प्रमुख भाग होते हैं?

(ट) चित्रा कौन थी?

(ठ) राधा के अंडे किसने फोड़ दिए?

★★★